No. of Printed Pages : 10 **AHE–01**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME (BDP)

## Term-End Examination

## December, 2024

### (APPLICATION ORIENTED COURSE)

### AHE–01 : HUMAN ENVIRONMENT

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :** (i) Question No. **1** is compulsory.*

*(ii) Attempt any **five** questions from Question Nos. **2** to **8**.*

1. (a) Define the following terms : 5×2=10

   (i) Sedimentary cycles

   (ii) Urbanisation

   (iii) Biosphere

   (iv) Population explosion

   (v) Biofertilisers

(b) Distinguish between any *three* of the following pairs of terms : 3×2=6

(i) Benign tumor and Malignant tumor

(ii) Geological soil erosion and Accelerated soil erosion

(iii) Bioaccumulation and Biomagnification

(iv) Commercial energy sources and Non-commercial energy sources

(c) Write whether the following statements are 'True' *or* 'False' : 4×1=4

(i) Man-made environment is independent of the natural environment and does not interfere with nature.

(ii) Supporting capacity of a region is the number of persons that can be supported by land while assimilating the waste.

(iii) Introduction of an alien species into new territories can lead to extinction of native species.

(iv) Appiko movement was initiated in salkane forests to promote afforestation.

(d) Match the terms given in Column 'I' with their explanation given in Column 'II' :

5×1=5

| Column I | | Column II | |
|---|---|---|---|
| (i) | Smouldering | (1) | Crippling disorder due to paralysis of leg muscles |
| (ii) | Percolation | (2) | Hunting and capturing of game animals |
| (iii) | Lathyrism | (3) | Downward movement of water into the soil |
| (iv) | Abatoire | (4) | Burn slowly without flame |
| (v) | Poaching | (5) | Waste generation by meat-processing industry |

2. Explain the 'Impact Analysis Model' to understand the environmental problems. How is it different from the PRP Model ? 15

3. (a) Describe the harmful impact of the continued use of plant protection chemicals on the environment. 8

   (b) List the various human activities causing desertification of an area. Explain each activity in brief. 7

4. (a) How have developmental activities changed the economy and employment pattern of a country ? 8

   (b) Discuss various difficulties faced while enforcing the environmental legislation. 7

5. (a) Write different methods of controlling quality of industrial emissions. 8

   (b) Discuss the role of NGOs and problems faced by them in the environmental management. 7

6. List the major air pollutants. Explain how these can cause health and environmental hazards. 15

7. (a) Explain the effects of radiations on human health. 8

(b) Write about the different modes of transmission of diseases. 7

8. Write short notes on any *three* of the following :

3×5=15

(a) South Asian Cooperative Environment Programme

(b) Salt affectation

(c) Eutrophication

(d) Incineration

# AHE–01

## स्नातक उपाधि कार्यक्रम ( बी.डी.पी. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2024

## ( व्यवहारमूलक पाठ्यक्रम )

## ए. एच. ई.-01 : मानव पर्यावरण

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *(i) प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है।*

*(ii) प्रश्न संख्या **2** से **8** तक किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. (क) निम्नलिखित पदों को परिभाषित कीजिए : 5×2=10

(i) अवसादी चक्र

(ii) शहरीकरण

(iii) जीवमंडल/बायोस्फियर

(iv) जनसंख्या विस्फोट

(v) जैवउर्वरक

(ख) पदों के निम्नलिखित जोड़ों में से किन्हीं **तीन** के बीच अन्तर बताइए : 3×2=6

(i) सुदम्य अर्बुद/ट्यूमर और दुर्दम्य अर्बुद/ट्यूमर

(ii) भूमृदा अपरदन और त्वरित मृदा अपरदन

(iii) जैवसंचयन और जैवआवर्धन

(iv) व्यावसायिक ऊर्जा स्रोत और गैर-व्यावसायिक ऊर्जा स्रोत

(ग) बताइए कि निम्नलिखित कथन 'सत्य' हैं या 'असत्य' : 4×1=4

(i) मानव-निर्मित पर्यावरण प्राकृतिक पर्यावरण से निरपेक्ष/स्वतंत्र होता है और प्रकृति से हस्तक्षेप नहीं करता है।

(ii) किसी क्षेत्र की धारण या आधार क्षमता व्यक्तियों की वह संख्या है जिसे भूमि द्वारा अपशिष्ट के स्वांगीकरण के साथ वहन किया जा सकता है।

(iii) किसी बाहरी स्पीशीज के नए क्षेत्र में समावेशन से स्थानिक स्पीशीज की विलुप्ति हो सकती है।

(iv) एप्पीको आंदोलन को सेल्केन वनों में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए आरंभ किया गया था।

(घ) कॉलम 'I' में दिये गये पदों का कॉलम 'II' में दी गई उनकी व्याख्या से मिलान कीजिए : 5×1=5

| **कॉलम 'I'** | **कॉलम 'II'** |
|---|---|
| (i) सुलगना | (1) पैरों की पेशियों के लकवाग्रस्त होने के कारण पंगुता विकार |
| (ii) अंतःस्रवण | (2) वन्यजीवों का शिकार करना और उनको बंदी बनाना |
| (iii) लैथीरीरुग्णता | (3) मृदा में जल की अधोगामी गति |
| (iv) वधशाला | (4) ज्वाला के बगैर मंद गति से जलना |
| (v) अनधिकृत शिकार करना | (5) माँस–प्रसंस्करण उद्योग द्वारा अपशिष्ट सृजन |

2. पर्यावरणीय समस्याओं को समझने के लिए 'प्रभाव विश्लेषण मॉडल' को समझाइए। यह पी. आर. पी. मॉडल से किस प्रकार भिन्न है ? 15

3. (क) पादप रक्षण रसायनों के निरंतर उपयोग के पर्यावरण पर हानिकारक प्रभाव का वर्णन कीजिए। 8

(ख) किसी क्षेत्र का मरुस्थलीकरण करने वाले विभिन्न मानवीय कार्यकलापों को सूचीबद्ध कीजिए। प्रत्येक कार्यकलाप का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 7

4. (क) विकासात्मक कार्यकलापों ने किस प्रकार देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के पैटर्न को बदल दिया है ? 8

(ख) पर्यावरणीय कानून को लागू करते समय जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, उनकी विवेचना कीजिए। 7

5. (क) औद्योगिक उत्सर्जनों की गुणवत्ता को नियंत्रित करने वाली विभिन्न विधियों को लिखिए। 8

(ख) एन. जी. ओ. (गैर–सरकारी संगठनों) की भूमिका और पर्यावरणीय प्रबंधन में उनके द्वारा झेली जाने वाली समस्याओं की विवेचना कीजिए। 7

6. प्रमुख वायु प्रदूषकों को सूचीबद्ध कीजिए। स्पष्ट कीजिए कि ये किस प्रकार स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संकट उत्पन्न करते हैं। 15

7. (क) मानव स्वास्थ्य पर विकिरणों के प्रभाव को समझाइए। 8

(ख) रोगों के संचरण के विभिन्न तरीकों के विषय में लिखिए। 7

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर लघु टिप्पणियाँ लिखिए : 3×5=15

(क) दक्षिण एशियाई सहयोगी पर्यावरण कार्यक्रम/साउथ एशियन कॉऑपरेटिव एन्वायरमेन्ट प्रोग्राम

(ख) लवण प्रभावन

(ग) सुपोषण/यूट्रोफिकेशन

(घ) भस्मीकरण

× × × × × × ×